हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 26 जून 2024

04 251 अधिकारी-कर्मचारियों के पेंशन और स्वत्वों के भुगतान ...



07 महंत श्री के अंतिम दर्शनों के लिए उमड़े नगरवासी...





## खबर संक्षेप

### जिपं की सामान्य सभा की बैठक 27 जून को

**सीहोर।** जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक जिला पंचायत सभाकक्ष में 27 जून को दोपहर 3 बजे आयोजित की गई है। बैठक में कृषि विभाग, शिक्षा, स्वास्थ्य, आदिम जाति कल्याण विभाग की समीक्षा एवं अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### पार्किंग समस्या से निपटने का नपा के पास इंतजाम नहीं

**सीहोर।** बाजार में खरीदारी करने जाते समय आपको सड़कों पर खड़ी गाड़ियों की वजह से कई बार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि बड़ा बाजार सहित कई इलाकों में पार्किंग की व्यवस्था ही नहीं की गई है। शहरवासियों को मजबूरन अपनी गाड़ियों को दुकान एवं किसी घर और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के बाहर खड़ी करना पड़ रही है। शहर में बढ़ती यातायात एवं पार्किंग समस्या से निजात दिलाने का प्रयास प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा नहीं किया गया है। जिसका खामियाजा सीहोर शहर के लोगों को उठाना पड़ रहा है। समस्या से अवगत होने के बावजूद जिम्मेदारों द्वारा इसका समाधान पिछले कई वर्षों से नहीं निकाला।

### सीहोर थाने में लगाया जांच शिविर




**सीहोर।** जिले के सीहोर थाने में जांच शिविर कैंप का आयोजन किया गया। सीहोर थाना प्रभारी सुनील राजपूत ने बताया कि कैंप में थाने में तैनात सभी कर्मचारियों के लिए निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें ईसीजी, बीपी व शुगर की जांच तथा डाइट का चार्ट भी कर्मचारियों को दिया गया साथ ही डाइटिशियन के द्वारा कर्मचारियों को अपने खान-पान व रहन-सहन के लिए भी ध्यान देने के लिए कहा गया। साथ ही समय पर योग क्रिया करते रहने के लिए भी बताया गया।

### ट्रांसफार्मर खराबः 1912 पर करें शिकायत


**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है की मानसून सीजन के दौरान आंधी, बारिश एवं अन्य व्यवधान के कारण वितरण ट्रांसफार्मर फेल होने की शिकायतें 1912 पर दर्ज करा सकते हैं। उपभोक्ताओं के पास विद्युत ट्रांसफार्मर व्यवधान संबंधी शिकायतों को दर्ज कराने के लिए कॉल सेंटर के टोल फ्री नंबर 1912 एवं मोबाइल एप उपाय का विकल्प मौजूद है।

## विवाह सम्मेलन में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान वर्चुअली शामिल हुए, वर-वधुओं को दिया आशीर्वाद

# सामूहिक विवाह सम्मेलन में 356 वर-वधुओं ने लिए सात फेरे, 11 जोड़ों ने निकाह कबूला

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हर बहन को बनाएंगे लखपति : केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा




मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना के तहत भैरूंदा के पिपलानी सामूहिक विवाह सम्मेलन में 367 वर-वधुओं का विवाह धूमधाम से विवाह संपन्न हुआ। 356 वर-वधुओं ने अग्नि को साक्षी मानकर लिए 7 फेरे लेकर परिणय सूत्र में बंध कर बेटियों का विवाह सम्पन्न कराया, वहीं 11 बेटियों का निकाह हुआ। सामूहिक विवाह सम्मेलन में गोंड समाज 212 जोड़े, कोरकू समाज 128 जोड़े, मुस्लिम समाज 11 जोड़े, अन्य समाज के 16 जोड़े 367जोड़ों के वर-वधुओं का विधि विधान से तथा पूरे रीति रिवाजों के साथ विवाह संपन्न कराया गया।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के पुत्र कार्तिकेय सिंह चौहान, रमाकांत भार्गव पूर्व सांसद, बागली विधायक मुरली भंवरा सहित सामूहिक विवाह सम्मेलन शामिल हुए और वर वधुओं को फूलो की वर्षा कर स्वागत किया एवं 11 जोड़ों को 49 हज़ार का चेक देकर आशीर्वाद दिया। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दिल्ली से वर्चुअली माध्यम से वर-वधुओं को आर्शीवाद दिया। कहा मामा की दुआ लेती जा जा तुझको सुखी परिवार मिले। नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि विवाह एक पवित्र संस्कार है,पवित्र बंधन है। आपस में मिल-जुल कर साथ रहें। पति पत्नी के बीच का विश्वास नहीं तोड़ना चाहिए। विवाह से दो शरीर एक आत्मा हो जाते हैं। दोनों परिवारों का नाम रोशन करें। सुख और शांति पूर्वक रहें।

**शिवराज सिंह चौहान केंद मंत्री :** जल्दी में आपके बीच आऊंगा मेरा मन भी आप से मिलने को तरस रहा हैं एक बार फिर सभी बेटियो, दमादो को मेरा आशीर्वाद।

पूर्व सांसद रमाकांत भार्गव ने सम्मेलन समारोह स्थल पर वर-वधुओं को आशीर्वाद दिया और उन्हें नव दाम्पत्य जीवन में प्रवेश करने पर बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर रमाकांत भार्गव ने कहा कि प्रदेश के रहे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना के तहत प्रदेश में आर्थिक रूप से कमजोर माता-पिता की बेटियों की शादी धूमधाम से हो रही है। आज मुख्यमंत्री डाक्टर मोहन यादव द्वारा बेटियों के जन्म से लेकर विवाह तक के लिए चलाई जा रही योजनाओं के कारण आज मध्यप्रदेश में बेटियां बोझ नहीं है, बल्कि वास्तव में लक्ष्मी है।

**कार्तिकेय सिंह चौहान:** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में एक विशाल आयोजन पिपलानी पावन धरती में किया जा रहा हो मैं सभी जोड़ों को ढेर सारी शुभकामनाएं बधाई और राज्य सरकार के प्रति आभार प्रकट करता हूं। भगवान से प्रार्थना करता हूं सभी को खुशहाली दे सभी के जीवन में खुशियां भर एक सफल वैवाहिक जीवन सभी जोड़े बनाएं।

**मुरली भंवरा विधायक बागली :** विवाह एक परंपरा है ऐसे ही परंपरा पर्यावरण को बड़ाने की भी है जिन बर बाधुओ ने सात फेरे लिए एवं सात वाचन लिए है उसी प्रकार एक वचन उनको एक वृक्ष लगाने का लेना होंगा जिससे हमारा पर्यावरण बड़े और बना रहे।



### सभी जोड़ों को ढेर सारी शुभकामनाएं दी

मुख्यमंत्री विवाह सम्मेलन में सभी जोड़ों और उनके साथ आए अतिथियों मेहमानों को भोजन पानी की व्यवस्था कराई गई थी एवं जोड़ों सभी अतिथियों को ठंडा पानी की सुविधा उपलब्ध कराई। सामूहिक विवाह सम्मेलन में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने और स्वास्थ के लिए दोनों विभागों के आधिकारी कर्मचारी रहे मौजूद। पुलिस प्रशासन और स्वास्थ विभाग अमला मोजूद रहा किसी को कोई भी तरह की असुविधा न हो। सामूहिक विवाह सम्मेलन शामिल हुए अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर रामाकांत भार्गव पूर्व सांसद, गुरु प्रसाद शर्मा, रवि मालवीय जिलाध्यक्ष, रघुनाथ सिंह भाटी, मुरली भंवरा विधायक बागली, राजेंद्र सिंह राजपूत,निर्मला बरेला, मंजू अवध नारायण पटेल, लखन यादव जिलापाध्यक्ष, गोपालपुरमण्डल अध्यक्ष दिनेश शर्मा,सुनील बरेला, दुलारी बाई, देवी सिंह धुर्वे, विनीता पर्वत सिंग, एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी, तहसीलदार सौरभ शर्मा, जनपद सीईओ प्रबल अजेरिया, एसडीओपी दीपक कपूर, थाना प्रभारी महेन्द्र सिंह मौजूद थे।

# वेतन को तरसे सीखो कमाओ योजना के तहत रोजगार से लगे कई युवा

### कंपनियों ने दिया दो माह में नौकरी से निकालने का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सैकड़ों युवाओं को दो माह के अंदर नौकरी से निकालने का कंपनी ने अल्टीमेटम दे दिया है। मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना से प्रशिक्षण लेते हुए काम करने वाले अनेक शिक्षित युवक वापस बेरोजगार होने की कगार पर पहुंच गए हैं। सीखो कमाओ योजना के प्रशिक्षार्थी तीन माह से मानदेय को भी तरस गए हैं। हैरान परेशान कई युवाओं ने कलेक्टोरेट पहुंचकर मंगलवार को भारतीय युवा समिति प्रदेशाध्यक्ष जनम सिंह परमार के नेतृत्व में जनसुनवाई में दौरान डिप्टी कलेक्टर वंदना राजपूत और अम्बेडकर आईटीआई संस्थान के अधीक्षक को ज्ञापन दिया है।

मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के प्रशिक्षार्थियों ने बताया कि माह अप्रैल एवं मई का स्टायफंड का भुगतान कंपनी ने अबतक नहीं किया गया है। जिस कारण घर परिवार चलाना काफी मुश्किल हो गया है प्रशिक्षार्थी खर्च के पैसों को भी तरस गए हैं। स्वयं का पेट्रोल बाइक चलाकर नौकरी करने के लिए विवश हो रहे है इस के बाद भी कंपनी ने अगस्त माह से नौकरी से बाहर करने का अल्टीमेटम दे दिया है कंपनी के अधिकारियों का कहना है की कुल एक वर्ष के लिए हीं अनुबंध किया गया है।

प्रशिक्षार्थी जितेंद्र मालवीय ने कहा कि मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के प्रशिक्षार्थियों के साथ सरकार धोकाधड़ी कर रही है नियमित रोजगार देने का वादा पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा किया गया था लेकिन अब चुनाव समाप्त होने के बाद ही योजना से जुड़कर बेरोजगारों को रोजगार देने वाली कंपनियां युवाओं को नौकरी से निकालने का अल्टीमेटम दे रही है। योजना अंतर्गत रोजगार से लगे युवकों को मानदेय भी काफी कम दिया जा रहा है प्रतिमाह 8 हजार रूपये मानदेय में घर चलाना काफी मुश्किल होता है। मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के प्रशिक्षार्थी रविंद्र, सचिन वर्मा, अंकूर सेन, विपिन, शुभम वर्मा, नीलू वर्मा, गोलू वर्मा, आदेश कुमार, दिव्यांशू सोनी, अनिल वर्मा, अंकित वर्मा, अशोक कुमार, सुनील वर्मू, संजय मालवीय, निखिल वर्मा, रवि वर्मा, राहूल वर्मा, जितेंद्र परमार ने जिले के विभिन्न विभागों में कार्यरत मुख्यमंत्री सीखो कमाओं योजना के प्रशिक्षार्थियों को मार्च, अप्रैल, मई जून माह का स्टायफंड भुगतान कराने और योजना अंतर्गत रोजगार से लगे युवाओं को नौकरी से नहीं निकालने कंपनियों को आदेशित करने की मांग कलेक्टर से की है।

# करलत में एक ही परिवार के दो पक्षों में विवाद : खेत में खंभे गढ़ाने को लेकर जमकर चले लाठी-डंडे, 6 घायल

**सीहोर।** सीहोर जिले की अहमदपुर पंचायत क्षेत्र में दो पक्षों में विवाद हो गया। जमीन को लेकर हुए विवाद के बाद दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। इसमें दोनों पक्षों के छह लोग घायल हो गए। दोनों पक्ष एक ही परिवार के हैं। मारपीट के बाद दोनों ने अहमदपुर थाना पहुंचकर एक दूसरे के खिलाफ केस दर्ज कराया। यह विवाद रविवार को हुआ। दोनों में मारपीट का वीडियो मंगलवार को सामने आया। इसमें दोनों पक्ष एक दूसरे पर लाठियों से प्रहार करते दिख रहे हैं। वीडियो में महिलाएं भी दिख रही हैं। विवाद रसूलपुरा पंचायत के ग्राम करलत में हुआ।

एक पक्ष खेत में तार फेंसिंग के लिए खंभे गाढ़ रहा था। दूसरा पक्ष ने वहां जाकर खंभे गढ़ने का विरोध किया। इस बात को लेकर दोनों ही पक्ष के लोग आपस में विवाद करने लगे और देखते ही देखते विवाद में उग्र रूप धारण कर लिया, जिसका वीडियो मंगलवार सुबह सामने आया है।

### विवाद में दोनों पक्षों के 6 लोग घायल हुए

विवाद एक पक्ष के मोहन कुमार और दूसरे के गोपाल कुमार के परिवार के बीच हुआ। दोनों पक्षों के लोग लाठी-डंडे लेकर खेत पर पहुंचे। एक दूसरे के साथ मारपीट की।

दोनों पक्षों के 3-3 लोग घायल हुए हैं। तीन घायलों को परिजन सीहोर ले गए थे। अहमदपुर पुलिस में मारपीट के मामले में दोनों पक्षों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## पहले से बिक चुकी जमीन को दोबारा बेचने और रजिस्ट्री कराने का मामला

# पूर्व नायब तहसीलदार, पूर्व पटवारी समेत सात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**सीहोर।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम बरखेड़ी में पहले से बिक चुकी जमीन को दोबारा बेचने और रजिस्ट्री कराने के मामले में कोतवाली पुलिस ने पूर्व नायब तहसीलदार, पूर्व पटवारी समेत सात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण कायम किया है। प्रकरण में रिटायर्ड आर्मीमैन सहित 13 अन्य किसान धोखाधड़ी के शिकार हो गए थे।

पूरा मामला इस प्रकार है कि भारतीय रक्षा विभाग (मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विस) से रिटायर्ड आर्मीमैन और किसान बैरागढ़ निवासी विश्वदेव शर्मा ने वर्ष 2017-18 में गांव बरखेड़ी में 60 डिसीमल जमीन ग्राम पांगरी के सुनील राठौर, राहुल राठौर और ग्राम बरखेड़ी के महेश शर्मा पिता रामप्रसाद शर्मा से ली थी। जिसका बाद में वर्ष 2019 में पता चला कि उनके द्वारा खरीदी गई 60 डिसीमल जमीन पर भोपाल निवासी मृदुला शर्मा पत्नी दुर्गाप्रसाद शर्मा ने अपना दावा पेश किया गया। इस मामले में प्रशासन की जांच में पता चला कि बरखेड़ी के भूमाफिया गिरोह ने 13 किसानों को पहले से बेची हुई जमीन दोबारा बेच दी थी। इस धोखाधड़ी में बैरागढ़ निवासी आर्मीमैन विश्वदेव शर्मा भी साल 2018 में जमीन खरीदने के झांसे में आ गए थे। शिकायत उपरांत इस मामले में जांच उपरांत तत्कालीन एसडीएम नितिन कुमार टाले ने 12 दिसंबर 23 को बरखेड़ी के जमीन विक्रेता महेश शर्मा सहित राजस्व विभाग के दोषी लोगों पर एफआईआर कराने के आदेश जारी किए थे।

**छह माह बाद प्रशासन ने दर्ज कराई तत्कालीन नायब तहसीलदार, पटवारी व भूमाफिया सहित सात लोगों के खिलाफ एफआईआर :** एक ही जमीन की दो बार रजिस्ट्री कराने के मामले में कोतवाली पुलिस ने नायब तहसीलदार सिद्धार्थ सिंगला द्वारा पुलिस को जारी किए गए शिकायती आवेदन पर तत्कालीन नायब तहसीलदार राजेन्द्र पंवार, पूर्व पटवारी स्व. शिवरानायण सोनगरा, भूमाफिया- बरखेड़ी निवासी स्व. रामप्रसाद और उनके चार पुत्रों महेश शर्मा, जुगल किशोर, अनोखी लाल, लोकेश के खिलाफ एफआईआर कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## कमलखेड़ा में एक माह पहले जलसंकट के चलते प्रशासन ने कराया था बोर

# महिलाओं के धरना प्रदर्शन के बाद पीएचई ने खुले पड़े बोर में लगवाया हैंडपंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीहोर जिले के कलमखेड़ा गांव की महिला ने पी.एच.ई. विभाग द्वारा विगत एक माह पूर्व किया गया बोर खनन में मोटर एवं हेण्ड पंप लगवाने के लिए धरने पर बैठी। इस मौके पर किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा द्वारा विगत एक माह पूर्व लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय मंत्रीजी एवं पंचायत मंत्रीजी प्रमुख अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय भोपाल को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर नलकूप खनन करने की मांग की गई थी। मंत्री के निर्देश पर ग्राम कलमखेड़ा में नलकूप खनन तो कर दिया गया जिसमें 300 फिट गहराई के बाद भरपूर पानी मिला, उक्त बोर को 500 फिट गहरा किया गया। परंतु एक माह बीत जाने के बाद भी नलकूप खनन में हेण्ड पंप एवं मोटर नहीं डाली गई। जिसको लेकर किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिक विभाग के प्रमुख अभियंता भोपाल को दूरभाष पर चर्चा कर शीघ्र बोर में हेड पंप मोटर डलवाने की मांग की गई थी। लेकिन जब हेण्डपम्प व मोटर नहीं डाला तो ग्रामीण महिलाएं सुबह 10 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक धरने पर बैठ गई और महिलाओं ने कहा कि जब तक बोर में हेण्ड पंप मोटर नहीं डलेगा तब तक हम यहीं पर धरने पर बैठे रहेंगे। एक महिला तो पेड़ पर चढक़र पानी के बर्तन लेकर बजाने लगी और जोर-जोर से नारे लगाने लगी। बाकी महिलाएं बोर खनन के पास धरने पर बैठकर जोर-जोर से नारे लगाती रही। कड़ाके की धूप में दिनभर महिलाएं प्रदर्शन करती रही। 8 घंटे बीत जाने के बाद लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता भोपाल एवं सीहोर जिले के पीएचई के मैकेनिकल विभाग के एसडीओ तिवारी ने समाजसेवी एम.एस.मेवाड़ा से दूरभाष पर चर्चा कर तत्काल हेण्ड पंप डालने हेतु टीम भेजी गई। दो-दो ट्रक हेण्ड पम्प लेकर मौके पर आ गए। और बोर में हेण्डपंप डाला गया। तब जाकर महिलाओं ने धरना समाप्त किया इस मौके पर किसान व समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा का महिलाओं द्वारा धन्यवाद व्यक्त किया गया एवं माननीय मुख्यमंत्री, पंचायत मंत्री और पीएचइ मंत्री व जिला प्रशासन का भी धन्यवाद व्यक्त किया।

### उलझावन-रलावती के बीच फिसली तेज रफ्तार बाइक, युवक गंभीर रूप से घायल



**सीहोर।** जिले के बिलकिसगंज थाना क्षेत्र में सोमवार को सड़क दुर्घटना हो गई। ग्राम उलझावन और रलावती के बीच शाम करीब 5:45 बजे तेज रफ्तार बाइक फिसल गई। इसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने युवक की पॉकेट से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान की।युवक विकास पिता देवसिंह ग्राम समापुरा सीहोर रहने वाला बताया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि बाइक सवार युवक शराब के नशे में था। वह हीरापुर से उलझावन की ओर जा रहा था। उलझावन और रलावति गांव के बीच एक मोड़ पर गाड़ी अनियंत्रित हो गई। उसके सिर, पैर और नाक में गंभीर चोट आई है। लोगों ने एंबुलेंस को फोन लगाकर सूचना दी। एंबुलेंस आने के बाद युवक को जिला अस्पताल सीहोर पहुंचाया गया। युवक की गाड़ी सड़क से करीब 10 फीट दूर जा गिरी। सड़क पर गिरने के बाद युवक बेहोश हो गया।

# वनरक्षक के द्वितीय चरण के अनुपस्थित अभ्यर्थियों के अभिलेख परीक्षण और शारीरिक माप 26 से 28 जून तक

**सीहोर।** मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल भोपाल द्वारा वन विभाग के अंतर्गत प्रदेश के विभिन्न जिलों में वनरक्षक, क्षेत्ररक्षकों के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा ली गई थी। इसके परिणाम 14 मार्च को जारी कर दिये गये थे।

उल्लेखनीय है कि वन विभाग के वनरक्षक एवं वन विकास निगम के क्षेत्ररक्षक का अभिलेख परीक्षण, शारीरिक माप एवं पैदल चाल की कार्रवाई वन विभाग द्वारा 24 मई से 27 मई के मध्य कराई गई थी। इसमें अधिक गर्मी के कारण कार्रवाई स्थगित की गई थी। साथ ही लोकसभा चुनाव में ड्यूटी होने के कारण अभ्यर्थी उपस्थित नहीं हो सके थे। ऐसे अनुपस्थित एवं 5 जिलों के शेष संविदा अभ्यर्थियों के लिये शारीरिक माप परीक्षा अब 26 जून से 28 जून तक संबंधित जिला वन मण्डलों में आयोजित की जाएगी।

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रशासन) कमलिका मोहन्ता ने बताया कि समय-सारणी की विस्तृत जानकारी वन विभाग की वेबसाइट www.mpforest.gov.in पर उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि सभी अभ्यर्थी द्वितीय चरण की प्रक्रिया के लिये सभी आवश्यक मूल अभिलेखों के साथ निर्धारित समय पर उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### दवाओं के दुरुपयोग को रोकने की जा रही जांच

**सीहोर।** खाद्य एवं औषधि नियंत्रक के निर्देशानुसार औषधि एवं प्रशासन सामग्री अधिनियमो का औषधि विक्रय संस्थानों द्वारा प्रभावी पालन कराने एव नशे के रूप में दवाओ के दुरुपयोग को रोकने के लिए सतत निगरानी रखी जा रही है। इसके लिए जिले के औषधि निरीक्षक द्वारा औषधि विक्रय संस्थानों की लगातार जाँच की जा रही है। इसी क्रम मे जांच के दौरान मेसर्स विनायक मेडिकल एजेंसी पीपलानी रोड गोपालपुर भैरूंदा, मेसर्स जयांशु मेडिकल स्टोर वार्ड न. 01 ग्राम पोस्ट छीपानेर तहसील भैरूंदा, एंव मेसर्स शर्मा मेडिकल स्टोर्स भोपाल-इंदोर रोड गोपालपुर तह भैरूंदा पर कार्रवाई करते हुए औषधि विक्रय का रिकॉर्ड संधारित न करने एवं सक्षम अधिकारी को रिकार्ड प्रस्तुत न करने और सक्षम व्यक्ति की अनुपस्थिति में औषधि वितरण करने के कारण संबधितो की औषधि विक्रय अनुज्ञप्तिया तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दी गई है। तथा यह निर्देश दिए गए हैं कि यदि निरस्तीकरण के आदेश उपरांत भी अनावेदक द्वारा औषधि क्रय विक्रय किया जाता है तो इसे पूर्णतः अवैधानिक माना जायेगा एवं प्रशासनिक/न्यायालयीन कार्रवाई की जाएगी।

### नशा मुक्ति के लिए जागरूकता अभियान




**सीहोर।** थाना कोतवाली पुलिस द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत सीहोर शासकीय कस्तूरबा स्कूल,में बच्चों को हर तरह के नशे के विरुद्ध जागरूक किया गया । क्योंकि परिवार और समाज की ज्यादातर समस्याए नशे की वजह से हो होती है। बच्चों को भी इस आयोजन में शामिल होने की सलाह दी जाकर अपने घर परिवार में रहने वाले सदस्यों को शराब, तंबाकू सहित किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने का संकल्प दिलवाये जाने हेतु प्रेरित किया गया ।

### केंद्रीय संयुक्त सचिव ने किया पार्क का निरीक्षण



**सीहोर।** इछावर विकासखंड के भाऊ खेड़ी में मनरेगा आजीविका पार्क का केंद्र सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव चरणजीत सिंह द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पार्क में स्व सहायता समूह द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों का निरीक्षण किया। भाऊ खेड़ी में समूह की महिलाओं द्वारा मत्स्य पालन, गौपालन, बागवानी तथा कृषि कार्य किए जाते हैं। सीईओ जिला पंचायत आशीष तिवारी तथा डीपीएम दिनेश बरफा ने पार्क की गतिविधियों के बारे मे विस्तार से जानकारी दी। चरणजीत सिंह ने इस अवसर पर पौधरोपण भी किया।

**टीएल बैठक:** कलेक्टर ने राजस्व वसूली के दिए निर्देश, जल गंगा संवर्धन अभियान और पौधरोपण गतिविधियों की समीक्षा की

# 251 अधिकारी-कर्मचारियों के पेंशन और स्वत्वों के भुगतान कार्रवाई करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

### विभिन्न परियोजनाओं के लिए भू-अर्जन एवं मुआवजा वितरण की कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶सीहोर

कलेक्टर प्रवीण सिंह ने सभी जिला प्रमुखों के विभागवार लंबित आवेदनों की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर श्री सिंह ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का 81.49 वेटेज स्कोर के साथ निराकरण कर प्रदेश में प्रथम स्थान पर लाने के लिए सभी जिलाधिकारियों को बधाई देते हुए आगामी माह में प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में सीहोर का प्रथम स्थान बनाए रखने के लिए पूरी गंभीरता के साथ प्रयास करने के लिए कहा।

सिंह ने सभी अधिकारियों को पूर्व से विभागीय लंबित आवेदनों के निराकरण करने और सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपनी विभाग की 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करें। उन्होंने विभागवार सीएम हेल्पलाइन की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने वन व्यवस्थापन के प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण के कार्य तथा वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक पौधरोपण के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने गोशालाओं की भूमी से



अतिक्रमण हटाने के सभी एसडीएम, तहसीलदार को निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होने दस्तक अभियान, सीएम मॉनिट लंबित प्रकरण, विश्वकार्मा योजना, मूंग सत्यापन एवं मूंग खरीदी की भी विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, आनंद सिंह राजावत, नितिन टाले, एसडीएम जमील खान, तन्मय वर्मा सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित थे। सभी जनपदों से जनपद स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी वीसी के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

#### निर्धारित लक्ष्य के अनुसार राजस्व वसूली के लिए संबंधितों को दिए निर्देश

उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित लक्ष्य के अनुसार सभी तहसीलें राजस्व वसूली करें। सीहोर जिले के लिए 20 करोड़ रुपये राजस्व वसूली का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों के राजस्व संबंधी काम समय पर किए जाएं और उनकी शिकायतों का जल्द निराकरण किया जाए। उन्होंने नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, भू-अर्जन के प्रकरणों के मामले में निर्धारित समय अवधि में निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी तहसीलों की सीमांकन के प्रकरणों की समीक्षा की।

#### आगामी 6 माह में जिले के 251 अधिकारी कर्मचारी होंगे रिटायर

बैठक में सिंह ने कहा कि आगामी 06 माह में जिले के 251 अधिकारी-कर्मचारी रिटायर होंगे। उनके रिटायरमेंट की सभी कार्यवाही अभी प्रारंभ कर दी जाए ताकि सेवा निवृत्ति के साथ ही पेंशन भी मिलना प्रारंभ हो जाए। उन्होंने ट्रेजरी आफिसर को निर्देश दिए कि सभी सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को सभी क्लेम समय पर मिले। उन्होंने कहा कि अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों में नियमों को ध्यान में रखकर ही कार्रवाई की जाए। सभी प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण होना चाहिए।

#### भू-अर्जन एवं मुआवजा वितरण की कार्रवाई में तेजी लाने के निर्देश

बैठक में कलेक्टर सिंह ने रेल, नेशनल हाईवे एवं सिंचाई परियोजनाओं सहित अन्य शासकीय कार्यों के लिए भूमि अधिग्रहण तथा मुआवजा वितरण की समीक्षा करते हुए राजस्व एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कार्यवाही तेजी से की जाए ताकि परियोजनाओं का कार्य शीघ्र प्रारंभ हो सके। कलेक्टर सिंह ने कहा कि जिन विभागों को शासकीय भूमि आवंटित की गई है उन विभागों के अधिकारी राजस्व रिकार्ड में विभाग के नाम से दर्ज कराएं।

## जिले में अब तक औसत 7.8 एमएम बारिश दर्ज

**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे में प्रातः 08 बजे तक 7.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 0.0, मिलीमीटर, श्यामपुर में 0.0, आष्टा में 0.0, जावर में 0.0, इछावर में 0.0, भैरूंदा में 0.0, बुधनी में 34.0, रेहटी में 28.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 1 जून से 24 जून को प्रातः 8 बजे तक 106.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 106.3 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से 24 जून तक जिले के वर्षामापी केन्द्र



सीहोर में 161.8, मिलीमीटर, श्यामपुर में 104.0, आष्टा में 79.0, जावर में 90.8, इछावर में 246.0, भैरूंदा में 29.6, बुधनी में 62.0 तथा रेहटी में 75.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### पिछड़ा वर्ग विद्यार्थियों को विदेशी शिक्षण संस्थानों में अध्ययन करने ऑनलाईन आवेदन 30 जून तक

**सीहोर।** पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण मध्यप्रदेश ने बताया कि विभाग द्वारा संचालित पिछड़ा वर्ग विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजनांतर्गत म०प्र०राज्य के पिछड़ा वर्ग के 50 विद्यार्थियों को विदेशी शिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में अध्ययन करने के लिए चयन करने के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी है। ऑनलाइन आवेदन करने के लिए URL-www.scholarshipportal.mp.nic.in पर 30 जून 2024 तक किये जा सकते हैं। विभागीय योजना से संबंधित सभी जानकारी विभागीय वेबसाइट www.bcwelfare.mp.nic.in पर उपलब्ध है। विदेश में उच्च शिक्षा के लिए प्रदेश के विद्यार्थी आवेदन कर चयन उपरांत योजना का लाभ ले सकते हैं।

### नाबालिग अपहता को बरामद कर परिजनों को सौंपा, आरोपी गिरफ्तार-भेजे जेल

**भैरुंदा।** फरियादी भोजपुर टप्पर हाल्याखेडी निवासी ने 16 जून को रिपोर्ट किया कि उसकी नाबालिग बेटी उम्र 16 वर्ष घर पर नहीं थी जिसकी तलाश आसपडोस में सभी जगह किया कोई जानकारी नही मिलने से फरियादी की रिपोर्ट पर से अज्ञात आरोपी के विरुध्द अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

अपराध पंजीयन के पश्चात घटना की गंभीरता को देखते हुऐ सीहोर पुलिस अधीक्षक सीहोर मयंक अवस्थी द्वारा नाबालिग बालिका की तत्काल दस्तयाबी व अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीतेश गर्ग व एसडीओपी दीपक कपूर के मार्गदर्शन प्राप्त कर थाना प्रभारी भेरुंदा निरीक्षक घनश्याम दांगी के नेतृत्व में अपराध अपहता व संदेही की तलाश हेतु टीम गठित की गयी। आरोपी की तलाश हेतु मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया व तकनीकी सहायता प्राप्त की गई जिसके परिणास्वरुप 21 जून को मुखबिर की सूचना पर आरोपी केदार उर्फ छोटू किरोनिया पिता दिनेश किरोनिया उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम तजपुरा थाना टिमरनी जिला हरदा के कब्जे से अपहता उम्र 16 वर्ष को दस्तयाब किया गया व अपहता के कथन एवं मेडिकल परीक्षण कराने उपरान्त अपहता को उसके परिजनो के सुपुर्द किया गया। अपृहरता के कथन के आधार पर आरोपी केदार किरोनिया को गिरफ्तार कर न्यायालय भैरूंदा पेश किया गया। जहां से न्यायालय व्दारा आरोपी को जेल भेजा गया ।

**टिमरनी जिला हरदा से अपहता को बरामद किया गया**

## वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण रोकने में नाकाम हो रहा वन विभाग का अमला

### वन भूमि को खेती योग बनाने का सिलसिला जारी

**रेहटी।** वन विभाग द्वारा वनों में हो रही है आदेश कटाई आवेदन अतिक्रमण के साथ अवैध गतिविधियों की रोकथाम में गंभीरता नजर नहीं आ रही है प्रतिदिन माफिया द्वारा अवैध रूप से वन भूमि पर कब्जा कर कृषि योग्य बनाया जा रहा है जिसको लेकर लगातार खबरें सुर्खियों में रहने के बाद भी विभाग उदासीन व लापरवाह बना हुआ है। सूत्रों की माने तो रेहटी क्षेत्र में वन भूमि पर अतिक्रमण का वन भूमि को खेती योग बनाने का सिलसिला जारी है।

विभाग आंख मूंदकर बैठा हुआ है सरेआम बाइक एवं चार पहिया वाहन से सगौन की सिल्लियों का परिवहन किया जा रहा है। लेकिन विभाग का इस और भी कोई ध्यान नहीं है दिखावे के लिए छोटी-मोटी करवाई कर दी जाती है।जहॉ एक और वनों का विनाश हो रहा है तो वहीं दूसरी और रेहटी- क्षेत्र में चल रहा है मार्टो में भी अवैध रूप से



लड़कियों का परिवहन किया जा रहा है। फर्नीचर मार्टो का लाइसेंस किस हिसाब से वितरित किया गया यही समझ से परे है एक और जहां सरकार पौधरोपण एवं पर्यावरण बचाने के लिए तरह-तरह के प्रयास कर रही है।

वन परिक्षेत्र में लगातार जंगलों की कटाई चल रही है। दिन के उजाले के साथ-साथ रात में भी लड़कियों का परिवहन माफिया द्वारा किया जा रहा है जो आम जनता को तो दिख रहा है लेकिन रेहटी वन परिक्षेत्र के अधिकारी और कर्मचारियों को नहीं दिखाई दे रहा है। लगातार खबरें आने के बाद भी विभाग सोया हुआ है और माफिया द्वारा जंगल का विनाश किया जा रहा है। जांच के नाम पर दिखावा किया जा रहा है और वन भूमि धीरे-धीरे कम होती जा रही है।

## जिले में 27 अगस्त तक घर-घर जाकर बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶सीहोर

प्रदेश के साथ ही जिले में दस्तक सह स्टॉप डायरिया अभियान का 25 जून से शुभारंभ होगा। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने इस अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कलेक्टर सिंह ने संबंधित अधिकारियों को यह अभियान पूरी गंभीरता से सघन रूप से चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने ने कहा कि जिले के 5 वर्ष तक के सभी बच्चों की जांच करना सुनिश्चित किया जाए। अभियान में बाल्यकालीन बीमारियों की पहचान एवं त्वरित उपचार/रेफरल सुनिश्चित करने के लिए प्रतिवर्ष दस्तक अभियान संचालित किया जाता है। अभियान का प्रमुख उद्देश्य बाल मृत्यु प्रकरणों में कमी लाना है। वर्ष 2024-25 में दस्तक सह स्टाप डायरिया अभियान 25 जून से 31 अगस्त तक संचालित किया जायेगा।



#### बच्चों में स्वास्थ्य विसंगतियों का चिन्हांकन किया जाएगा प्रबंधन

दस्तक अभियान के अन्तर्गत बीमार नवजातों और बच्चों की पहुँच, प्रबंधन एवं रेफरल एवं अस्पताल से छुट्टी प्राप्त बच्चों का फॉलोअप किया जाएगा। 9 माह से 5 वर्ष के बच्चों में विटामिन 'ए' की खुराक का अनुपूरण और 0 से 5 आयु वर्ष के बच्चों में दस्त की पहचान एवं नियंत्रण के लिए ओआरएस एवं जिंक का वितरण स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा किया जाएगा।

इसके साथ ही 5 आयु वर्ष के बच्चों में निमोनिया, जन्मजात विकृतियों एवं वृद्धि विलम्ब, गंभीर कुपोषण की त्वरित पहचान और प्रबंधन का कार्य किया जाएगा। 6 माह से 5 वर्ष के बच्चों में गंभीर एनीमिया की स्क्रीनिंग एवं प्रबंधन के साथ शिशु एवं बाल आहार आपूर्ति सम्बन्धी समझाइश समुदाय को दी जाएगी। आंशिक रूप से टीकाकृत बच्चों या टीकाकरण से छूटे बच्चों की स्थिति की जानकारी लेकर आवश्यक निदानात्मक कार्यवाही की जाएगी। 5 वर्ष तक के बच्चों में श्रवण बाधित और दृष्टि दोष की पहचान एवं उपचार का कार्य किया जाएगा। साथ ही समस्त चिन्हांकित एनीमिक बच्चों में सिकल सैल एनीमिया की पहचान की जाकर उपयुक्त व्यवस्था की जाएगी।

## राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों ने पिलाई पोलियो की खुराक




**सीहोर।** 23 से 25 जून तक राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का आयोजन किया गया। जिसके दूसरे दिन राष्ट्रीय सेवा योजना सीहोर के स्वयंसेवकों द्वारा स्वास्थ विभाग के साथ सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक पोलियो अभियान चलाया। जिसमें जन्म से 5 साल तक के बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई गई। यह अभियान महात्मा गांधी महाविद्यालय सीहोर राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ स्वयंसेवक शिवानी प्रजापति और अमित शर्मा के नेतृत्व में चलाया गया। इस अभियान में शासकीय चंद्रशेखर अग्रणी महाविद्यालय सीहोर के स्वयंसेवक आशीष मेवाड़ा, आदित्य गौर, यशराज, महात्मा गांधी महाविद्यालय सीहोर की रासेयो स्वयंसेवक नंदिनी, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीहोर की स्वयंसेवक मानसी प्रजापति ने सराहनीय कार्य किया और शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति हेतु अपना सहयोग दिया।

**कलर बेल्ट प्रतियोगिता में 60 से अधिक बच्चों ने भाग लिया, इसमें 55 बच्चे सफल रहे**

# कलर बेल्ट प्रतियोगिता में 55 खिलाड़ियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶सीहोर

मास्टर आफ ताओ कराते एसोसिएशन के तत्वाधान में शहर के इंदौर नाका स्थित कराते कोचिंग सेंटर में कराते कलर बेल्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 60 से अधिक बच्चों ने भाग किया। इसमें 55 बच्चे सफल रहे। इन्हें पुरस्कृत किया गया। मुख्य प्रशिक्षक कराटे मास्टर कोच लखन ठाकुर के नेतृत्व में कराई गई। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका विमला ठाकुर, त्रयंबक ठाकुर, सहित अन्य ने निभाई। प्रतिभागियों में भाजपा महामंत्री राजकुमार गुप्ता ने उत्साहवर्धन करते हुए पुरस्कारों का वितरण किया। इस मौके पर संस्था की ओर से बालिकाओं ने अपनी कला का प्रदर्शन कर सबका मन मोह लिया। मास्टर आफ ताओ कराते एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया



कि येलो बेल्ट सुहानी सिसोदिया, मृदुल सिसौदिया, अवनी मेवाड़ा, रुद्र परमार, नवीन बडोदिया, वैभव, आदर्श वर्मा, इशिता रणकौशल, यशराज सिंह ठाकुकर, अनमोल जावरिया, अंशिता राजपूत, शिवानी वर्मा, आयुष तंवर, प्रतिष्ठा राय के अलावा औरेंज बेल्ट हासिल करने वालों में राघव राय, अनुराग मेवाड़ा, आर्यन मांडेकर, अदिति मांडेकर, प्रियांशी वर्मा, कशिश वर्मा, सुधांशु वर्मा, धीरज वर्मा, ग्रीन बेल्ड अहमान सिद्दीकी, सुकृति तिवारी, आयुष सिंह, मानव राठौर, वहीं ब्लू बेल्ट सौरभ जाट, परपल ब्लू जीशान खान, रिषभ बडोदिया, ब्राउन बेल्ट प्रतियोगिता में अक्षत यादव, मनकि्त कौर राजपाल, याशिका यादव, योगेश कौटिया, अर्थव त्यागी, उजेर खान और शैलेन्द्र राय आदि को पुरस्कार प्रदान किए किए।

इस मौके पर नीता सिंह राजपूत आदि शामिल थे। उन्होंने बताया कि एसोसिएशन के द्वारा वर्ष 1995 से कलर बेल्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तरीय और ब्लाक स्तरीय करीब 100 से अधिक स्पर्धा अब तक हो चुकी है। जिसमें हजारों खिलाड़ियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया।

**निविदा आमंत्रण सूचना**
**कन्या शिक्षा परिसर, सीहोर सूर्या फाउंडेशन द्वारा संचालित, जनजातीय कार्य विभाग, (म.प्र)**
सीहोर - इंदौर बाईपास रोड, R.T.O ऑफिस के सामने, क्रिसेंट चौराहा, सीहोर (म.प्र) - 466001
मो.नं - 9616088184 Email: sehoreksp@gmail.com, website: www.kspsehore.ac.in
दिनांक - 26 जून 2024

कन्या शिक्षा परिसर, सीहोर सूर्या फाउंडेशन द्वारा संचालित विद्यालय में बिस्तर सामग्री हेतु प्रतिष्ठित/पंजीकृत/अधिकृत डीलरों/विक्रेताओं/सेवा प्रदाताओं से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा आवेदन पत्र स्कूल की वेबसाइट www.kspsehore.ac.in पर 26 जून से 17 जुलाई 2024 तक उपलब्ध हैं तथा विद्यालय से भी निविदा फॉर्म प्राप्त किये जा सकते है। दिए गए विवरण में स्कूल की आवश्यकता के अनुसार परिवर्तन किये जा सकते हैं। प्रिंसिपल के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी/सभी निविदा आवेदनों को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। सभी कानूनी मामले का क्षेत्र जिला सीहोर रहेगा। अधिक जानकारी के लिए विद्यालय से संपर्क करें।
**प्रिंसिपल**

# 16 साल बाद डॉ कठेरिया का अटैचमेंट खत्म मूल पदस्थापना पर कार्य करने के आदेश जारी

खबर का असर

## शासन के सख्त आदेशों के बाद किन अधिकारियों ने और क्यों नहीं किया था संबंधित डॉक्टर का संलग्नीकरण खत्म, मूल पदस्थापना पर एमएस डॉ के अभाव में वर्षों से परेशान हो रहे हैं मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

देर से ही सही आखिरकार डॉ कठेरिया का जिला मुख्यालय पर अटैचमेंट खत्म हो ही गया। तमाम राजनैतिक रसूक और अधिकारियों से संबंध का दावा करने वाले डॉ कठेरिया को सीएमएचओ के एक आदेश ने आइना दिखा दिया। 22 जून को जारी एक आदेश में प्रशासकीय कार्य व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए डॉ राजेन्द्र कठेरिया और डॉ स्वाति किरार को उनकी मूल पदस्थापना क्रमशः खुजनेर और मलावर केंद्रों पर जाकर कार्य करने के आदेश जारी किए गए हैं। आदेश में साफ लिखा गया है कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।


सीएम ड्यूटी और एमरजेंसी ड्यूटी पर न रहने पर मिल चुके है कई बार नोटिस

आखिरकार मूल तैनाती पर कब लौटेंगे डॉ कटारिया, अटैचमेंट में निकाले 15 साल!

खुजनेर स्वास्थ्य केंद्र में दस दिन पूर्व ही डॉक्टर की कमी के चलते दो युवा गवां चुके अपनी जान

आपातकालीन सेवाओं में भी नहीं निभाते जिम्मेदारी

जहां 23 डॉक्टर पहले से मौजूद वहीं अटैचमेंट

आयुक्त तक पहुंची शिकायत पर कार्रवाई अभी तक नहीं

मुख्यमंत्री दौरे पर वीआईपी ड्यूटी पर भी नहीं रहे थे मौजूद

कार्रवाई जरूर करेंगे


लगभग दो साल से नियमविरुद्ध राजगढ़ अटैच है मलावर की महिला डॉक्टर, मंगलवार से 2-2 दिन की ड्यूटी करेंगे डॉक्टर

मलावर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जहां कमिश्नर व कलेक्टर के आदेश की उड़ाई जा रही हैं धज्जियां

ग्रामीणों ने कहा अगर डॉ किरार का अटचमेंट निरस्त नहीं तो करेंगे भूख हड़ताल

मुख्यालय पर रहकर प्रतिमाह 10 प्रसव के कलेक्टर के नोटिस का भी नहीं किया पालन

### हरिभूमि ने कई बाद उठाया था जिला अस्पताल में अटैचमेंट का मुद्दा

खुजनेर सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परेशान होते मरीज और डॉ राजेन्द्र कठेरिया की 16 वर्षों से जिला मुख्यालय पर अटैचमेंट को लेकर हरिभूमि ने कई बाद इस समस्या से शासन व प्रशासन को अवगत कराया। वहीं मलावर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉ स्वाती किरार के न होने से आसपास आने वाले 40 गावों के ग्रामीणों की परेशानी को भी हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था और जिला मुख्यालय पर डॉ स्वाति किरार के संलग्नीकरण पर प्रकाश डाला था।

### वर्षों से जमे हुए हैं सरकारी आवास पर

डॉ. राजेंद्र कठेरिया की मूल पद स्थापना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुजनेर में है, लेकिन लगभग 16 वर्षों से अधिकारियों से सांठगांठ एवं राजनीतिक संबंधों के चलते इनके द्वारा सरकारी आवास पर वर्षों से उपयोग किया जा रहा है। डॉ कठेरिया के जिला चिकित्सालय राजगढ़ स्थित आवास में रहने के कारण दूसरे डॉक्टर जिनकी मूलपदस्थापना जिला मुख्यालय की ही है वह शहर में किराए के मकानों में रहकर दिन रात मरीजों को अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

### जिला चिकित्सालय के डॉक्टर लगा चुके हैं कठेरिया पर भ्रष्टाचार के आरोप

डॉ कठेरिया सिविल सर्जन जैसे पदों को भी सुशोभित कर चुके हैं। इनके कार्यकाल में वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आरएस माथुर द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से डॉ आरके कठेरिया पर भ्रष्टाचार के कई गंभीर आरोप लगाए थे।

### इनका कहना है

हां हमने जिला अस्पताल से सभी अटैचमेंट खत्म कर दिए हैं और उन्हें उनकी मूलपदस्थापना पर जाने के आदेश जारी कर दिए हैं।

**डॉ किरण वाडिवा,**
सीएमएचओ राजगढ़

## समय-सीमा बैठक में कलेक्टर के निर्देश

# सभी तहसीलदार नामांतरण, सीमांकन आदि मामले एक हफ्ते में निपटाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

लगभग समूचा प्रशासनिक अमला विधानसभा और लोकसभा चुनावों में खासा व्यस्त था। यही कारण है कि ग्रामीणों सहित आमजनों के राजस्व विभाग से संबंधित नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा आदि के अनेकों मामले विभिन्न तहसीलों में लंबित हो चुके हैं। ऐसे में कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने सोमवार को कलेक्टोरेट में आहूत टीएल बैठक में सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया कि उक्त लंबित मामलों का एक हफ्ते में निराकरण किया जाए। नक्ष, तरमीम उठाने की कार्रवाई पटवारियों के माध्यम से पूर्ण करने के लिए भी कहा गया।

मोहनपुरा बांध के आसपास की खाली पड़ी जमीन पर बड़े स्तर पर पौधरोपण करवाने के निर्देश उन्होंने जल संसाधन विभाग को दिए। निर्माणाधीन मेडीकल कॉलेज की धीमी प्रगति पर भी उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए काम में तेजी लाने के तल्ख निर्देश पीआईयू के अधिकारियों को दिए गए।

### लाइनों को तोड़ने-फोड़ने वालों पर करवाएं एफआईआर

हर घर नल से जल पहुंचाने शासन की महत्वाकांक्षी योजना के तहत गांव-गांव में पाइप लाइनें बिछाई जा रही हैं। लेकिन अनेक जगहों पर इन लाईनों को लोगों द्वारा तोड़ने-फोड़ने की शिकायतें मिल रही हैं। कलेक्टर दीक्षित ने जल निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि लाइनों को क्षतिग्रस्त करने वालों पर एफआईआर दर्ज करवाने की कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ महीप किशोर तेजस्वी, सभी एसडीएम, जनपद सीईओ, तहसीलदार, नप एवं नपा के सीएमओ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण मौजूद थे।

## नशे के विरोध में जन संवाद कार्यक्रम हुआ

**ग्यारसपुर।** थाना पुलिस द्वारा नशामुक्ति अभियान के तहत बाजार में नशा विरोधी जन संवाद का आयोजन किया गया। लोगों को नशा न करने जागरूक किया गया। एसपी दीपक कुमार शुक्ला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ प्रशांत चौबे पर ग्यारसपुर कस्बा में व्यापारी वर्ग व मार्केट में नशा विरोधी जन संवाद के दौरान आम जन में जागरूकता लाई गई। नशा के दुष्परिणाम, बचाव एवं जन जागरूकता के माध्यम से सुधार करने आदि के संबंध में चर्चा करते हुए सहयोग की अपेक्षा की गई ओर शपथ दिलाई गई।

# संगीत दिवस 2024 का आयोजन

## माल्यार्पण कर विधायक ने किया शुभारंभ



**नरसिंहगढ़।** मध्य प्रदेश शासन संस्कृत संचनालय भोपाल एवं शासकीय संगीत महाविद्यालय नरसिंहगढ़ का प्रतिष्ठा आयोजन विश्व योग एवं संगीत दिवस 2024 आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा एवं नरसिंहगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष कविता वर्मा के द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। 'मध्य प्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा अधिकृत संगीत महाविद्यालय मैहर के अध्यनरत विद्यार्थियों (कलाकारों) के द्वारा प्रस्तुत किया सर्वप्रथम घनश्याम प्रजापति ने शास्त्रीय गायन तीन ताल में राग बिहाग व भजन की अति सुंदर व मनमोहक प्रस्तुति का गायन किया। राग बिहग और भजन कीर्तन की सुंदर गायकी के साथ अन्य कलाकारों के द्वारा संगीत प्रस्तुत किया गया अनुराग श्रीवास्तव के द्वारा तबला वादन, सुखदेव प्रजापति ने मालकोस में सरोद वादन की प्रस्तुति दी गई कुमारी नंदिनी अग्निहोत्री और कुमारी हर्षित प्रजापति ने तीन ताल में गाते हुए टूमरी में युगल नृत्य प्रस्तुत किया पवन सिंह सपना नामदेव मोहम्मद अहमद खान कमाल खान मैहर के द्वारा अति सुंदर संगीत प्रदान किया( मंच का संचालन डॉक्टर दीपिका चौरसिया के द्वारा किया गया। इस अवसर पर संगीत महाविद्यालय के स्टाफ मौजूद थे।

# करंट की चपेट में आने से हुई बुजुर्ग की मौत

## परिजनों का अरोप लाइनमैन की लापरवाही से गई जान



**ब्यावरा।** लखनवास में लोहे के बिजली पोल में करंट से वृद्ध की मौत हो गई। श्यामलाल वर्मा घर से बाहर आया और घर के पास लगे बिजली पोल को पकड़ कर निकल रहा था तब उसमें करंट आ गया और करंट लगने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए ब्यावरा सरकारी अस्पताल भेज दिया। घरवालों का आरोप है कि इसमें लाइनमैन की लापरवाही के कारण हमारे पिताजी की मौत हुई है। दो-चार दिन पहले लाइनमेंन से बोल दिया था इस पोल में करंट आ रहा है। लाइनमैन ने बोला हम दिखवा लेंगे। घर वालों का आरोप है कि ऐसे लाइनमैन को तत्काल सस्पेंड कर देना चाहिए।

लक्ष्य यह की कोई बच्चा दवा पीने से न छूटे

# दूसरे दिन घर-घर जाकर बच्चों को पिलाई पोलियो की दवा

**राजगढ़।** पोलियो मुक्त भारत की अवधारणा को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने 23 से 25 जून तक अभियान चलाया हुआ है। अभियान के प्रथम दिवस जहां पूरे जिले में 1600 के लगभग बूथ बनाकर जीरो से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। वहीं द्वितीय दिवस वंचित रहे बच्चों को ढूंढ-ढूंढकर दवाई का सेवन करवाया गया।

स्वास्थ्य विभाग की एएनएम, आषा कार्यकर्ता सहित मैदानी अमला, महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यकर्ता, सहायिकाओं के साथ ही स्वयंसेवी संस्थाओं की टीमें इस काम में जुटी हुई हैं। उन्नति फाउंडेषन की टीम द्वारा भी 14 वालेंटियर्स तैनात करते हुए दो-दो की टोली बनाकर नगर के विभिन्न वार्डों के घरों, बस स्टैंड, खिलचीपुर नाका व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर कम उम्र के बच्चों को खोजकर उन्हें दवाई पिलाई गई। फाउंडेषन की बरखा दांगी ने बताया कि उनकी पूरी टीम निःषुल्क रूप से यह काम कर रही है। जिला टीकाकरण



अधिकारी डॉ. एलपी भकोरिया ने बताया कि यह क्रम आज मंगलवार को भी जारी रहेगा।

# कैडेट्स को 10 दिन दिया जाएगा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

14 एमपी एनसीसी बटालियन द्वारा एसएटीआई एटी डिग्री कॉलेज में 10 दिवसीय एनसीसी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 20 से 29 जून तक किया गया है। कैम्प कमान अधिकारी कर्नल विकास गुप्ता, शौर्य चक्र के नेतृत्व में एवं कर्नल यश छिब्बर की देखरेख में आयोजित किया जा रहा है।

कैंप की शुरुआत कर्नल विकास गुप्ता शौर्य चक्र के ओपनिंग एड्रेस से हुई उन्होंने कैडेट को संबोधित करते हुए एनसीसी का मोटो एकता, अनुशासन एवं जीवन में आगे कैसे बढ़े इसकी सीख दी। प्राकृतिक संसाधनों का सही उपयोग एवं सुरक्षा करने हेतु निर्देशित किया। कैंप में एनसीसी कैडेट द्वारा गॉड ऑफ ऑनर ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर अजीत सिंह को दिया गया। साथ ही ग्रुप कमांडर द्वारा कैंप का निरीक्षण कर कैंप के सभी एनसीसी ऑफिसर से परिचय किया। इस कैंप में जिले के लगभग 600 एनसीसी कैडेट्स विभिन्न तरह के प्रशिक्षण जैसे ड्रिल, मैप रीडिंग, योग , नेतृत्व क्षमता आदि प्राप्त कर रहे हैं। इस कैंप में थल सैनिक कैंप के लगभग 82 कैडेट जो कि भोपाल ग्रुप के हैं। प्रशिक्षण प्राप्त कर दिल्ली जाने का मार्ग तय कर रहे हैं। इस दौरान कैंप में सूबेदार मेजर हृदय रंजन, समस्त पी स्टाफ, एनसीसी अधिकारी कैप्टन रामानंद मिश्रा , लेफ्टिनेंट विनीता प्रजापति, लेफ्टिनेंट सुरेंद्र यादव, फर्स्ट ऑफिसर लखनलाल कुशवाह, सेकंड ऑफिसर रश्मि पाठक कमल किशोर, थर्ड ऑफिसर अनिल सोनी उपस्थित रहे।



**विदिशा।** सैकड़ों की संख्या में मौजूद कैडेट्स को दिया जा रहा प्रशिक्षण।

## जिलाबदर का आरोपी घूमते हुए पकड़ा गया

**हैदरगढ़।** जिलाबदर के आरोपी को हैदरगढ़ पुलिस ने ग्राम दैयरपुर से पकड़ा है। जिलाबदर के आरोपियों की चैकिंग करने के लिए थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह द्वारा टीम गठित की गई। चेकिंग में संग्राम पिता धन सिंह लोधी उम्र 40 साल निवासी ग्राम दैय्यरपुर थाना क्षेत्र में रहना पाया गया। जिसे गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

## छात्रों को भविष्य से भेंट कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी

# भविष्य से भेंट कार्यक्रम संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

स्कूल चलें हम अभियान के तहत शासकीय एकीकृत हाई स्कूल पान्दा में प्रथम दिन में बच्चों का तिलक लगाकर माला पहनकर अभिनंदन किया। निशुल्क पुस्तक का वितरण किया। दूसरे दिन अभिभावक की बैठक कर शिक्षा मंत्री का संदेशवाचन करवाया गया। तीसरे दिन 20-06-2024 को भविष्य से भेंट कार्यक्रम में डॉ. विजेन्द्र नागर प्रदेश महासचिव भारतीय मानवाधिकार एसोसियेशन ने विद्यालय में उपस्थित होकर प्रेरक के रूप में भविष्य से भेंट की। उन्होंने सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना की, ततपश्चात विद्यालय के प्राचार्य आरएन नागर द्वारा उनका अभिनंदन किया। प्रथम वक्ता के रूप में डॉक्टर विजेन्द्र नागर ने अपने वक्तव्य में छात्र-छात्राओं को भविष्य से भेंट कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी कि किस प्रकार एक पत्थर अनेक चोट और प्रहार सहकर एक मूर्ति का आकार लेकर पूजनीय हो जाता है उसी तरह विद्यार्थियों के पांच लक्षण काकचेष्टा, बुगले जैसा ध्यान, कुत्ते जैसी नींद, अल्पाहारी, ग्रह त्यागी के साथ साथ निडर, साहसी, राष्ट्र से प्रेम, प्रकृति से प्रेम, पर्यावरण संरक्षण, स्व का भाव, अपने माता-पिता गुरुजनों का सम्मान सहित अनुशासन का पालन करना, यह गुण हमारे अंदर विकसित होने चाहिए। इस अवसर पर शिक्षक धर्मेन्द्र पांडेय, हरिनारायण सेन, देवेन्द्र नागर, दिनेश सेन एवं समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन डॉ. सरिता शर्मा ने किया।

## तहसील समन्वयक का मनोनयन किया

# गायत्री शक्ति पीठ पर बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

स्थानीय आवास कॉलोनी स्थित गायत्री शक्तिपीठ पर अखिल विश्व गायत्री परिवार हरीद्वार शांति कुंज के द्वारा निर्धारित संकल्प 21वीं सदी उज्जवल भविष्य मनुष्य में देवत्व का उदय के तहत बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें गायत्री परिवार के सदस्य को गुरुदेव के कार्य को महत्वपूर्ण स्थान देते हुए करने के लिए प्रेरित किया गया। बैठक में राजगढ़ एवं गुना जिले से आए हुए गायत्री परिवार के वरिष्ठ सदस्यों की उपस्थिति में समन्वयक समिति का मनोनयन किया गया। इस बैठक में बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के सदस्य महिला पुरुष शामिल हुए उनकी उपस्थिति में सर्वानुमति से तहसील समन्वयक पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष बलराम टांक,सह समन्वयक बापुलाल दांगी, उर्मिला गुप्ता , राधेश्याम दांगी राजगढ़, रमेश तिवारी माचलपुर, सुमित्रा गुप्ता , दिनेश जमीदार महेश वर्मा देव वाला खुजनेर एवं अन्य सदस्य नियुक्त किए गए। जिला कार्यकारी समन्वयक ओपी पंवार, भारत सिंह कुरावर, किशोर जानोरिया ब्यावरा, विष्णु प्रसाद नगर जिला प्रतिनिधि के मुख्य उपस्थिति में गठन किया गया। गायत्री शक्तिपीठ के ट्रस्टी गण सूरजमल भावसार, देवनारायण दांगी, प्रोफेसर राधावल्लभ गुप्ता, डा. मनोज गुप्ता, सुरेश गुप्ता भानपुरा, श्री मती ज्योत्सना दांगी, बिन्दु सोनगिरा सहित गायत्री परिवार के सदस्य महिला पुरुष शामिल हुए जहां पर गुरूदेव के संदेश को बताया कि 24 गांवों में प्रज्ञा मण्डल का गठन करना है एवं चौरासी पंचायत के पत्रक बनाना, गायत्री मंत्र का जाप करना, गांव गांव में अलख जगाने तथा गुरूदेव के कार्य को जिम्मेदारी से करना है। रथयात्रा के सदस्यों को जिले स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। अंशदान, श्रमदान करना क्योंकि साधना से शक्ति ओर अच्छे विचार आते हैं।

## कथा का विश्राम सुदामा चरित्र की कथा के साथ हुआ

# मित्रता हो तो ऐसी जो दुःखी समय में काम आए : पंडित सुरेश बिहारी नागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

मेड़तवाल समाज धर्मशाला परिसर में आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा का विश्राम सुदामा चरित्र की कथा एवं पूर्णाहुति से हुआ। इस अवसर पर अंतिम दिवस की भागवत कथा में श्रद्धालु भक्तों ने भागवत महापुराण की पूजा अर्चना की तथा संगीतमय सुमधुर भजनों पर महिलाओं ने नृत्य कर भक्ति रस में आनंद लिया। विजयलक्ष्मी वैध परिवार द्वारा आयोजित कथा में व्यासपीठ से पंडित सुरेश बिहारी नागर ने सुदामा चरित्र प्रसंग को बताते हुए कहा की संसार में आज भी कृष्ण सुदामा की मित्रता सर्वोपरि स्थान रखती है।



सुदामा जब दुखी समय से गुजर रहे थे तो बालसखा कि याद आई ओर जब कृष्ण के पास पहुंचे तो भगवान कृष्ण ने सुदामा को राजा बना दिया। इस मित्रता को कोई भुला नहीं सकता है। सम्पूर्ण भागवत कथा प्रसंगों का संक्षिप्त में वाचन कर बताया की कलयुग मे भगवान के नाम का सुमिरन करने का अपना विशेष महत्व है जब भी समय मिले उसका सदुपयोग करते हुए अपने इष्ट का जप करें। पंडित नागर ने भगवान नारायण के सभी अवतारों का उल्लेख कर बताया की धरती पर धर्म की रक्षा करने के लिए परमात्मा अवतरित होकर धर्म की रक्षा करते हैं। बताया की कलयुग में भगवान के नाम का जप करना विशेष महत्व रखता है सुदामा प्रसंग के दौरान उपस्थित महिलाओं ने भगवान श्री कृष्ण को चावल की पोटली भेट कर घर में सुख शांति और समृद्धि की कामना कर श्रीमद् भागवत महापुराण की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

# महंत श्री के अंतिम दर्शनों के लिए उमड़े नगरवासी, निकाली शोभायात्रा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

सोमवार को प्रसिद्ध संत जमात मंदिर महंत श्री नंदराम दास खाकी पंचतत्व में विलीन हो गए। नगर में सैकड़ों लोगों ने नम आंखों से उन्हें विदाई दी। उनकी शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों मंदिर श्री जमात से प्रारंभ होकर पाण्डव चौराहा, दीनाजी चौराहा, शिवजी चौक, डबलिया चौराहा, झॉली आश्रम, फूलबाग, चंपी चौराहा, छतरी चौराहा होती हुई पुनः मंदिर श्री जमात में जाकर समाप्त हुई। कई जनप्रतिनिधि और शिहर के गणमान्य नागरिक उनके अंतिम संस्कार में शामिल हुए। मंहत नंदराम दास खाकी का अंतिम संस्कार नगर में स्थित जमात मंदिर मे किया गया। उनकी अंतिम दर्शन यात्रा सुबह से ही लोग जुटने लगे थे उनका संस्कार वैदिक मंत्रों के साथ किया गया। उन्हें उनके उतरिधिकारी महंत दीपेंद्र दास ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में घी एवं चंदन की लकड़ियों इस्तेमाल किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में विधायक मोहन शर्मा सहित बड़ी संख्या मे संत एवं आम लोगों ने शिरकत की। उल्लेखनीय है कि नगर मे गुरूदेव ब्रहमलीन होना नगर के लिए अपूर्णीय क्षति है। जैसे ही नगरवासियों को महंत जी के ब्रहमलीन की खबर मिली, पूरा नगर शोक संतृप्त हो गया था और गुरूदेव के अतिम दर्शनों के लिए मंदिर श्री जमात में श्रद्वालुओं की भीड़ जमा होने लगी।

## महंत ओमकार दास को श्रद्धांजलि अर्पित की

**आरोन।** सोमवार को सनातन धर्म मंडल ट्रस्ट की ओर से दिवंगत महान विभूति महंत श्रीश्री 1008 ओमकार दास को सनातन धर्मशाला में एकत्रित होकर महंतश्री के छायाचित्र पर तिलक लगाकर फूल माला पहनाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए और उनके द्वारा सनातन धर्म के हित में किए गए कार्यों का उल्लेख कर उनके द्वारा समय समय पर सनकादिक आश्रम पर किये गये धार्मिक कार्यों को याद कर उन्हें सभी उपस्थित जनसमुदाय ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके द्वारा बताए गए भक्ति मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर उपस्थित रहे सनातन धर्म मंडल ट्रस्ट के सचिव ओम प्रकाश बेंदेल, भगवान लाल शर्मा कोषाध्यक्ष, छगन लाल तिवारी,, सिंह भगत जी, रामस्वरूप नामदेव,हंस,राधेश्याम कसेरा, जगदीश बोहरे, रामवीर रघुवंशी, गुड्डा महाराज, रामस्वरूप शर्मा हर प्रसाद साहू आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### हृदय विशेषज्ञ डॉ हीरा दलोद्रिया हुए सम्मानित



**आष्टा।** भारतीय पोडिएट्री एसोसिएशन द्वारा कल 23 जून को इंदौर की होटल एसेंशिया में एक अनूठा कार्यक्रम आयोजित किया। आयोजित इस सम्मेलन में जिला स्तरीय रोगियों के प्रति उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए कई डॉक्टरों का उनकी उत्कृष्ट सेवाओ के प्रति सम्मानित किया गया। इस आयोजित सम्मान समारोह में सीहोर जिले से आष्टा के सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर हीरा दलोद्रिया को भारतीय पोडिएट्री एसोसिएशन की ओर से उनके द्वारा 40 वर्षो तक दी गई उत्कृष्ट सेवाओ के प्रति सम्मानित किया गया।सम्मेलन के आयोजन सचिव डॉक्टर उमेश मसन्द ने बताया कि इस सम्मेलन में मध्य प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए 400 से अधिक प्रतिभागी डॉक्टर्स उपस्थित हुए। उक्त सम्मान पाने पर सिविल अस्पताल के बीएमओ डॉ जीडी सोनी,अल्फा पैथोलॉजी लेब के संचालक राहत अली,डॉ अतुल उपाध्याय सहित स्वास्थ के क्षेत्र में कार्य करने वाले अनेकों लोगो ने बधाई दी।

### जिंप की सामान्य सभा की बैठक 27 को


सीहोर। जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक जिला पंचायत सभाकक्ष में 27 जून को दोपहर 3 बजे आयोजित की गई है। बैठक में कृषि विभाग, शिक्षा, स्वास्थ्य, आदिम जाति कल्याण विभाग की समीक्षा एवं अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### पीड़ित मरीजों ने प्रेस वार्ता कर डॉक्टर पर लगाए गंभीर आरोप

# मरीज का आरोप: आंखों के ऑपरेशन के बाद जो पहले दिखता था वह भी हुआ बंद

ऑपरेशन के बाद पीडित मरीजों ने सीएम हेल्पलाइन के साथ जिम्मेदार अधिकारियों से भी डॉक्टर की शिकायत की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव पीएमश्री एयर एंबुलेंस सेवा प्रारंभ की है, ताकि समय पर सहायता मिलें, लेकिन यहां सिविल अस्पताल में आने वाले बच्चे मरीज को डॉक्टर अरुप विश्वास देखने से इंकार करते हैं और लोगों की आंखों का ऐसा आपरेशन जिला चिकित्सालय में बुलाकर करते हैं कि जो उन्हें पहले दिखाई देता था वह भी बंद हो गया। स्थानीय सिविल अस्पताल में एक डॉक्टर चर्चाओं का केंद्र बना हुआ है। कई महिनों से सिविल अस्पताल में आंखों की जांच कराने आने वाले मरीजों को वहां पदस्थ डॉक्टर अरुप विश्वास सीहोर जिला चिकित्सालय में बुलवाकर ऑपरेशन करते है। अधिकांश लोगों की आंखों का ऑपरेशन करके उनकी आंख से जो पहले दिखता था वह भी दिखना बंद हो गया है। ऐसे एक- दो नहीं अनेकों प्रकरण प्रकाश में आए हैं। इस संबंध में जिला चिकित्सालय में पदस्थ आंखों के विशेषज्ञ को भी पीड़ित लोगों ने अवगत कराया, लेकिन उक्त चर्चित डॉक्टर पर प्रतिबंध नहीं लगाया गया है।

जिसका परिणाम यह है कि कई वृद्ध लोग अपनी आंखों को गंवा चुके हैं। वहीं उक्त चिकित्सक ने अभी कुछ दिनों पहले ही सिविल अस्पताल में आकस्मिक ड्यूटी के दौरान बच्चे का उपचार करने से मना कर दिया था और कहा था कि वार्ड में ले जाओ सिस्टर इलाज करेगी। इस मामले में तो डॉक्टर को नोटिस दिया है, लेकिन आंखें खराब करने के मामले में अभी तक जिले के जिम्मेदार अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की है। अपनी आंखें गवा चुके रतन सिंह पिता जोरावर सिंह निवासी पटाड़ा चौहान, सुशीला बाई पत्नी श्रीकिशन तंबोली निवासी गंज आष्टा, गुड्डू पिता रामाजी निवासी डोराबाद तथा राजेंद्र पिता बालमुकुंद निवासी अलीपुर आदि ने पत्रकार वार्ता आयोजित कर उक्त कथित चिकित्सक डॉक्टर अरुप विश्वास की लापरवाही के संबंध में जानकारी दी और शासन तथा जिला प्रशासन से मांग की कि ऐसे लापरवाह डॉक्टर पर कार्रवाई की जाए तथा बर्खास्त किया जाए ,ताकि अन्य लोगों की आंखों की रोशनी खराब ना कर सके।

पत्रकार वार्ता के दौरान सुशीला बाई तंबोली,रतनसिंह ठाकुर आदि ने बताया कि सिविल अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर अरुप विश्वास ने अनेक लोगों की आंखों के आपरेशन जिला चिकित्सालय में करके आंखें खराब कर दी। भाजपा नेता कृपाल सिंह पटाडा के चचेरे बड़े भाई रतनसिंह पटाडा एवं गंज धोबीपुरा के श्रीकिशन तंबोली की पत्नी सुशीला बाई, अलीपुर के राजेंद्र पांचाल,डोराबाद के गुड्डू सहित अनेक लोगों की डॉक्टर अरुप विश्वास ने जो पहले आंखों से दिखता था वह भी दिखना बंद हो गया। सुशीला बाई ने कहा डॉक्टर अरुप विश्वास ने एक - दो नहीं अनेकों आई ड्रॉप लिखें, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। पत्रकार वार्ता के दौरान पीड़ित लोगों ने कहा कि ऐसे डॉक्टर को संबंधित जिले के अधिकारी कार्रवाई करने से क्यों पीछे हट रहे हैं।

रतनसिंह ठाकुर ने तो 22 जून को सीएम हेल्पलाइन में भी उक्त डाक्टर की शिकायत दर्ज कराई है। अपनी आंखें गवां चुके इन लोगों ने मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव, सांसद महेंद्रसिंह सोलंकी,कलेक्टर प्रवीण सिंह, विधायक गोपालसिंह इंजीनियर आदि जनप्रतिनिधियों को इस मामले को गंभीरता से लेकर अन्य मरीजों की आंखें खराब करने से बचाना चाहिए। बीएमओ ने इस मामले में बताया कि हमारे पास लिखित में शिकायत नहीं आई है ,लेकिन वीडियो मरीजों के अवश्य आए हैं, डॉ अरुप विश्वास को हिदायत दी जाएगी कि जब तक आंखों के ऑपरेशन में पारंगत नहीं होते तब तक मरीजों की आंखों के आपरेशन नहीं करें। बच्चे का उपचार आकस्मिक डयूटी के दौरान नहीं करने पर डॉक्टर अरुप विश्वास सहित चार डॉक्टरों को नोटिस जारी किए हैं।

# विधायक ने सीबी नॉट मशी का किया लोकार्पण

### रोगी कल्याण समिति की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति की साधारण सभा की मिटिंग सिविल अस्पताल आष्टा के बीएमओ कक्ष में आयोजित की गई। जिसमें अस्पताल की व्यवस्थाओं को बेहतर करने हेतु कई विषयो पर चर्चा हुई। सवर्प्रथम सीबी नॉट मशीन का लोकार्पण किया गया। जिससे मरीज को टी.बी. की बीमारी के विशेष परीक्षण हेंतु जिला चिकित्साल में नहीं जाना पडेगा। बैठक के दौरान आय- व्यय 2023 - 24 प्रस्तुत किया गया जिसे सवर्सम्मति से पास किया गया। विधायक द्वारा अस्पताल में संचालित पीआईसीयू, आईसीयू, के लिए अतिरिक्त डॉक्टर और स्टाफ की उपलब्धता हेतु शासन को पत्र लिखना, आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता पूर्ण करना, इमरजेंसी में मरीज की सुविधा के लिए टीनशेड का निमार्ण करना, नयें सीसीटीवी कैमरे लगवाना, सामान्य ऑपरेशन थियेटर के लिए आवश्यक सामग्री और उपकरण उपलब्ध करना, मरीज के शुद्ध जल हेतु वाटरकुलर खरीदना, राष्ट्रीय कायर्क्रम मुस्कान के लिए रजिस्टर, आई ई सी प्रिंट एवं सामग्री आदि क्रय करना, मरीजो के स्वास्थ्य के आक्सीजन का सेंन्सर एवं अर्थिंग की राड आदि क्रय करना, स्ट्रीट लाइट, पानी की टंकी के साथ छोटे मोटे मरम्मत कार्य पूरे करना, विधायक द्वारा डायलेसिस में भर्ती मरीजो के लिए एलईडी टीवी को दान स्वरूप अस्पताल में स्थापित करना, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, कुएं एवं बोरिगं का कार्य नगर पालिका द्वारा पूरा किया जाना, विधायक द्वारा अस्पताल में भर्ती मरीजों व आम जनता को शुद्ध व ठंडा पानी उपलब्ध कराने हेतु जन सहयोग से वाटर फिल्टर प्लांट अस्पताल में स्थापित करने हेतु कहा गया।

उक्त मीटिंग में विधायक गोपालसिंह, जनपद अध्यक्षा दीक्षा सोनु गुणवान, अनुविभागिय अधिकारी आष्टा, वरिष्ठ चिकित्सक, बीएमओ डॉ. सोनी सचिव रोकस, एमके पंचोली एसडीओपी पीडब्ल्युडी सहित अस्पताल कमर्चारी उपस्थित रहे।

# शिक्षण शिविर हमें सम्यक ज्ञान का मार्ग बताता है: विनत सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा





आप लोगो ने अनेक प्रयास कर के जो दस दिनों तक शिक्षण शिविर आयोजित कर धर्म आराधना की है स्वाध्याय किया है यह ज्ञान निर्रथक नही जाएगा यह ज्ञान एक दिन सम्यक ज्ञान में परिवर्तीत होकर हम सभी को भवो भवो तक हमारे सम्यक दर्शन में सहायक होगा। इसी तरह आप लोग अपने समय का सद उपयोग धर्म आराधना में ही लगाया करें। उक्त उदगार आचार्यश्री विनम्र सागर महाराज के शिष्य मुनिश्री विनत सागर ने श्री भूतबली सागर शिक्षण एवं संस्कार शिविर के समापन अवसर पर व्यक्त किये विगत दस दिनो से बाल ब्रम्हचारी संजय भैया पठारी के निर्देशन एवं सानिध्य में किला मंदिर में शिक्षण शिविर का आयोजन चल रहा था जिसका आज विधिवत समापन समारोह परम पूज्य मुनिश्री विनत सागर एवं मुनिश्री विश्वमित्र सागर व ब्रम्हचारी संजय भैया के सानिध्य में व ऋतु जैन जिला अध्यक्ष भाजपा, कोमल जैन अटल, मुकेश बड़जात्या, धनरूपमल जैन के मुख्य आतिथ्य में भव्य समारोह सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर समाज के संरक्षगण कैलाश चंद जैन, दिलीप सेठी, विधान चंद जैन, धनरूपमल जैन, मनोज जैन सुपर, समाज के अध्यक्ष आनंद जैन महामंत्री कैलाश जैन,एवं समाज जनो की महती उपस्थिति में अतिथियों द्वारा शिक्षण शिविर के प्रतिभागियों को पुरुष्कृत किया गया।

संजय भैया जी ने कहा कि हमने शिविर लगा कर आप लोगो को जो भी विषय अध्ययन करवाया है इनका आप निरन्तर अभ्यास बनाये रखना नित्य ही इन विषयों के स्वाध्ययाय करते रहना तभी हमारा इतना समय देना सार्थक होगा,एक दिन आप नित्य स्वाद्ययाय अपना अंतिम लक्ष्य प्राप्त करेंगे,इस्टोपदेश ग्रन्थ में कुं मुस्कान श्रीमोड, श्वेता जैन ,वही द्वितीय स्थान पारस जैन. श्रुति जैन वही तृतीय स्थान अंकित जैन ,पर्व जैन पोरवाल ने प्राप्त किया क्षहढाला में प्रथम स्थान स्वाति जैन, संतोष कुमार जैन,कु. वंशिका जैन द्वितीय स्थान कुं परी जैन दीप्ति जैन,राजेन्द्र जैन,तृतीय स्थान वैभव जैन विमला जैन सचिन जैन ने प्राप्त किया बाकी सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरुष्कार से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सुरेंद्र जैन ने शिविर के विषय मे अपने विचार में कहा कि शिविर से हमे एक अलग ही माहौल मिला है आदरणीय भैया जी ने जो हमे मार्ग बताया है उसे हम अपने जीवन मे उतारकर सदुपयोग करेंगे,दस दिनों में समाज मे अलग ही वातावरण निर्मित हो गया था।

# अघोषित बिजली कटौती के विरोध में रहवासियों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



बारिश पूर्व मेंटनेंस के नाम पर काटी गई बिजली के बाद भी मंडी क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती का दौर जारी है। बीते कुछ दिनों से दिन-रात में 10-10 घंटे बिजली कटौती की जा रही है, इससे मंडी क्षेत्र के लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। नागरिकों के आक्रोश के बाद सोमवार को विद्युत वितरण कंपनी के तीन अफसर पार्षद प्रतिनिधि दिलीप राठौर के ऑफिस पहुंचे, जहां पहले से ही मंडी क्षेत्र के नागरिक मौजूद थे।

नागरिकों के आक्रोश व सौंपे गए ज्ञापन के बाद बिजली कंपनी के अफसरों ने आश्वासन दिया है कि आगामी 10 दिन में व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली जाएगी, फिर कटौती नहीं होगी। मंडी क्षेत्र में निवासरत लोगों को आए दिन इस समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन सौंपने वालों में वार्ड 23 के पार्षद प्रतिनिधि दिलीप राठौर, वार्ड 22 के पार्षद प्रतिनिधि विशाल राठौर, पूर्व पार्षद रामप्रकाश चौधरी सहित मनीष तिवारी, हरीश राठौर, सुरेन्द्र राठौर, राजू काका, मारुति राव, ओमप्रकाश रैकवार, महेश सेन, मुकेश गौर, बद्री, अंकित शाह, अप्पू राठौर, चेतन वास्तवार, अनिल मालवीय, धर्मेन्द्र राय, कवि छोकर, रवि पांडे, माजिद खान, सचिन गुजराती, मोहसिन लाला, आमिन लाला, हरेन्द्र सिंह ठाकुर, ऋषभ नाथ आदि मौजूद थे।

### क्लब के सभी अध्यक्षों का हुआ सम्मान



**आष्टा।** विगत दिवस देवास में इनर व्हील क्लब के सभी अध्यक्षों का सम्मान हुआ, इसी कड़ी में आष्टा मंडल 304 को भी सम्मानित किया समारोह ।देवास में सक्सेस फुल होस्टिग अवार्ड फंक्शन में सभी क्लब प्रेसिडेंट अपने पदाधिकारियो के साथ उपस्थित हुए । डिस्टिक प्रेसिडेंट बीना शाह ने अपने सभी पदाधिकारी के साथ मिलकर अवार्ड समारोह आयोजित किया इनर व्हील सदस्यों के सहयोग से पूरे हुए लगभग 3 करोड़ के 1800 सर्विस प्रोजेक्ट हुए जिसके चलते सभी क्लब को सम्मान किया ।आष्टा क्लब को एसोसिएशन गोल्स वा नेशनल वा डिस्टिक अवार्ड से सम्मानित किया गया। क्लब की अध्यक्ष जयश्री शर्मा को आउट स्टेन डिंग प्रेसिडेंट के द्वारा भी अवार्ड दिया गया, वही क्लब की सेकेट्री संगीता सोनी को भी बेस्ट सेकेट्री का अवार्ड मिला। आष्टा क्लब की अध्यक्ष जयश्री शर्मा ने सभी क्लब की सेकेट्री संगीता सोनी ,उपाध्यक्ष रीना शर्मा, कोषाध्यक्ष डॉक्टर अर्चना सोनी ,एडीटर सीमा बैरागी आई एस ओ वैशाली जाधव, पत्रकार किरण रांका,एवं सभी सीनियर मेंबरों के साथ सभी पदाधिकारियों सहित पूरी टीम को धन्यवाद दिया।

# ग्रामों के विकास हेतु धन की कोई कमी नही आने दूंगा: विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



जावर मंडल के अंर्तगत विभिन्न ग्रामों में जनसंपर्क कर आम जन मानस की समस्या सुनी एवम् ग्रामीण जनों की मांग पर विकास कार्यों के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

ज्ञात हो की कुछ दिन पहले विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर द्वारा जनपद पंचायत आष्टा में सभी अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए की विकास कार्यों पर सौ दिन काम करना विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर द्वारा जिसकी शुरुआत रविवार से ग्राम चिन्नोठा,लाखिया, कोनदक पुरा ग्राम पहुंचकर वहां के ग्रामीणों और किसान बंधुओ से चर्चा की इसी प्रकार नानजी पुरा में देव दर्शन कर कमल सिंह पडियार का सम्मान किया ग्राम उरली कुरली गाजना में किसानो एवम् ग्रामीण जनों से मुलाकात की एवम तुरंत संबंधित अधिकारियों से बात कर निराकरण किया इसी के साथ भारतीय जनता पार्टी की राज्य और केंद्र सरकारों की विभिन्न योजनाओं को विस्तार पूर्वक समझाया प्रधानमंत्री आवास योजना, से पक्के मकान किसान सम्मान निधि आयुष्मान कार्ड से ईलाज लाड़ली बहना योजना और लाड़ली लक्ष्मी योजना के साथ कन्यादान योजना के लाभ किस तरह मिलेंगे। प्रति दिन विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर आष्टा विधानसभा क्षेत्र के ग्रामों में जनसंपर्क कर लोगों के बीच पहुचेंगे। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता गण युवा साथी मातृ शक्ति उपस्थित रहे।

### मालवकीर्ति का ससंघ हुआ मंगल प्रवेश, श्री महावीर भवन में दिए आशीष वचन

# दुनिया की जानकारी गूगल पर आत्मा की जानकारी अपने अंदर मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



राष्ट्रसंत आचार्य आनंदऋषि महाराज, वल्लभ कुंवर महाराज की सुशिष्या उपप्रवर्तनी साध्वी मालव कीर्तिसुधा ने नगर प्रवेश किया। श्री महावीर भवन स्थानक में आशीष वचन देते हुए कहा कि बड़ी पुण्य वाणी होती है। जब साधु -संतों का योग मिलता है और उससे ज्यादा पुण्यवाणी पर साधु- संतों का अपने घर में आने का सौभाग्य प्राप्त होता है और ज्यादा पुण्यवानी होने से सुपात्र दान देने का योग बनता है। अपनी पुण्यवानी और भी अधिक होने से जिनवाणी सुनने का अवसर मिलता है। आप लोगों की पुण्यवाणी ही है कि आप लोगों को यह शुभ अवसर सहज में ही प्राप्त हुआ है। आष्टा संघ बहुत भाग्यशाली है यहां पूज्यपाद त्रिलोक ऋषि महाराज साहब, पादअमोलक ऋषि महाराज साहब, गुरणी मैय्या वल्लभ कुंवर महाराज साहब का विचरण क्षेत्र रहा है और आष्टा संघ पर उनका बहुत उपकार रहा है। आपने कहा कि हमारी जिंदगी दो पटरी पुण्य और पाप पर चल रही है। पुण्योदय से सारी अनुकूलता मिलती है और पाप के उदय से प्रतिकूलता मिलती है। पुण्य अर्जन करने में कभी भी पीछे नहीं हटना। पुण्य अनुकूल हो तो परिवार भी अनुकूल मिलते हैं। मान-सम्मान भी मिलेगा। मनचाहा काम होगा। मालवकीर्ति ने बताया कि पुण्य 9 प्रकार के होते हैं और ये आत्मा के खजाने की चाबी है। पुण्य कमाने का सुअवसर मानव भव में है। सहजता से जो किया जाता है वह हमें की गुणा लाभ देता है। रास्ते चलते यदि हम संतों को नमस्कार करते हैं तो सहज ही पुण्य का बंध हो जाता है। पुण्य किसी को दगा नहीं देता है और पाप किसी का सगा नहीं होता है। एक पुण्य 18 पापों को नष्ट कर सकता है। उन्होंने कहा कि संसार की हर चीज की जानकारी गूगल पर मिल जाएगी, लेकिन आत्मा की जानकारी गूगल पर नहीं अपने अंदर मिलेगी।

# श्यामपुर पुलिस ने चलाया नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

थाना प्रभारी संध्या मिश्रा व पुलिस स्टाफ द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमे लोगो के बीच बातचीत कर उन्हे नशे से हो रहे दुष्प्रभावों को बताते हुए नशे की लत से दूर रहने की अपील की। साथ ही सामाजिक लोगो से भी नशा मुक्ति हेतु सहयोग किये जाने की अपील की जा रही है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे बच्चों को नशे से होने वाले नुकसान और बीमारियों के बारे अवगत कराया गया। साथ ही स्कूल मे कार्यरत शिक्षकगणों से भी अपील की है की विद्यालय मे नशे के प्रति जागरूकता का प्रचार प्रसार करे।